उनके चलने पहुंचने के निर्धारित समय क्या क्या हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन : (क) और (ख) पैंट्री कार सेवा की व्यवस्था केवल कुछ चुनिंदा लंबी दूरी की मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में ही की जाती है जिनमें मार्गवर्ती स्थैतिक यूनिटों के माध्यम से खान पान की व्यवस्था करना या तो व्यावहारिक नहीं है अथवा अपर्याप्त है । यह व्यवस्था पैंट्री कारों की उपलब्धता और गाड़ियों की संरचना पर निर्भर करती है। खान पान सेवाओं के सांख्यिकी आकड़े विभिन्न मैल/एक्सप्रेस गाड़ियों द्वारा तय की गई दूरी के आधार पर नहीं रखे जाते ।

रसोई-भंडार यान और खान-पान सेवा के लिए ठेका दिया जाना

3960. **श्रीमती सत्या बहिन** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन रेलगाड़ियों में रसोई भंडार यान की यवस्था की गई है उनका ब्यौरा क्या है और जिन व्यक्तियों को रसोई भंडार यान एवं खान पान सेवा के लिए ठेके दिये गये हैं उनके नाम और पते क्या क्या हैं तथा उनको दिए गए ठेके की अवधि कितनी कितनी है ;

(ख) अनुसूचित जातियों और अनसूचित जनजातियों से संबंधित जिन व्यक्तियों को खान पान सेवा के लिए ठके दिए गए हैं उनके नाम और पते क्या क्या हैं; और

(ग) क्या उपयुक्त ठेके प्रदान करने में अनसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों से संबंधित व्यक्तियों को कोई प्राथमिकता दी गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) मौजूदा नीति के अनुसार खान पान/बैडिंग लाइसेंस केवल व्यावसायिक/प्रतिष्ठित खानपान प्रबन्धकों को ही आवंटित किए जाते हैं । बहरहाल, छोटे स्टेशनों के मामले में अनसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाती है ।

Sale of railway time tables

3961. SHRI SYED SIBTEY RAZI; Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state;

(a) whether the sale of railway time table has been ensured at each Railway Station and reservations cum-booking offices of the country;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government propose to ensure sale of these time tables at railway reservation counters-cum-booking offices set up in Rail Bhawan and Parliament House;

(d) whether Government also propose to ensure sate of these time tables in every railway office by setting up a separate counter to increase the earning there from; and

(e) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN); (a) and (b); No, Sir. Sale of Time Table is arranged at various stations and also booking counters depending on the demand,

(c) and (d); No, Sir.

(e) The present arrangement for sale of Railway Time Table is considered satisfactory.

Scheme, for passengers amenities on long distance Scperfast Trains

3962. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Indian Railways have launched a scheme *to* ensure availability of all passenger ameni-